Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title: Need to conduct an enquiry into the unsatisfactory mobile services being provided by B.S.N.L.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली):महोदय, दुनिया में मोबाइल टेलीफोन सेवा में उल्लेखनीय प्रगति की है परन्तु देश में बीएसएनएल द्वारा जो मोबाइल सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है उसमें देश के लोग बहुत असंतोा व्यक्त कर रहे हैं। यह सब प्राईवेट मोबाईल कम्पनियों के दवाब में हो रहा है जिसके कारण लोग बीएसएनएल की मोबाईल सेवा की जगह पर प्राईवेट मोबाइल सेवा की ओर आकर्ति हो सके। मेरे संसदीय क्षेत्र में पिछले साल तो मोबाईल सेवा बिल्कुल ठप्प थी इस साल उसमें कुछ सुधार हुआ है परन्तु अभी भी कमरे के अंदर से बीएसएनएल के मोबाईल सेवा से बात नहीं कर सकते हैं जबकि प्राईवेट मोबाईल टेलीफोन पर आसानी से बात हो जाती है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बीएसएनएल के पास पर्याप्त उपकरण होने के बावजूद बीएसएनएल की सुविधा ठीक ढंग से नहीं दिये जाने की जांच हो और बीएसएनएल की सुविधा को ठीक ढंग से नहीं दिये जाने के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।